# SECOND LANGUAGE – HINDI (09H)

## CLASS-X

## GUIDELINES

**TIME: 3 Hrs** | **PART A & B** | **TOTAL MARKS: 80**

- द्वितीय भाषा हिंदी प्रश्न पत्र के कुल 80 अंक हैं। कुल समय 3 घंटे हैं।
- PART - A 60 अंकों के लिए और PART - B 20 अंकों के लिए हैं। PART - A के लिए 2:30 घंटे और PART - B के लिए 30 मिनट का समय निर्धारित है।
- PART - A में अर्थग्राह्यता– प्रतिक्रिया , स्वरचना और सृजनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधित प्रश्न होंगे।
- PART – B में शब्दभंडार और भाषा की बात से संबंधित बहुविकल्पीय(MCQs) प्रश्न होंगे।

*****

PART-A (60 Marks)

SECTION - I( अंक: 20 )

- इस में अर्थग्राह्यता प्रतिक्रिया के अंतर्गत पठित गद्यांश , अपठित गद्यांश और पठित पद्यांश होंगे।
- पठित गद्यांश पाठ्य पुस्तक के उपवाचक पाठों से लिया जाएगा। इसमें (5) प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए (1) अंक निर्धारित है। ( 5x1= 5)
- अपठित गद्यांश पाठ्य पुस्तकेतर सामग्री से लिया जाएगा। इसमें (5) प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए (2) अंक निर्धारित हैं। ( 5x 2 =10 )
- पठित पद्यांश पाठ्य पुस्तक की कविताओं में से दिया जाएगा। इसमें (5) प्रश्न होंगे। हर एक प्रश्न के लिए (1) अंक निर्धारित है। ( 5x1= 5 )

SECTION – II (अंक: 40 )

- इसके अंतर्गत लघु और निबंधात्मक प्रश्न होंगे। इसमें कुल (4) प्रश्न पूछे जाएँगे।
- कवि या लेखक परिचय से संबंधित प्रश्न अवश्य रहेगा। हर एक प्रश्न के लिए (4) अंक निर्धारित हैं। ( 4x4=16)
- निबंधात्मक प्रश्नों में पद्य भाग से (2), गद्य भाग से (2) और विधाओं से संबंधित (2) प्रश्न पूछे जाएँगे। प्रत्येक भाग में आंतरिक विकल्प होगा। प्रत्येक भाग के (2) प्रश्नों में से (1) प्रश्न का उत्तर लिखना होगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए (8) अंक निर्धारित हैं।

(3 x8=24)

PART – B (20 अंक )

- इसके अंतर्गत कुल 20 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे।
- शब्द भंडार के 10 प्रश्न होंगे। (10x1=10 )
- व्याकरण के 10 प्रश्न होंगे। (10x1=10 )

*****

Blue Print

SECOND LANGUAGE HINDI

CLASS-X (09H)

Table Showing Type, Number of Questions with Weightage and Choice (Tentative)

समय:3 घंटे　　　　　　　　　　　　　　　　अंक: 80

| S NO | TYPE OF QUESTION | NUMBER OF QUESTIONS | CHOICE | WEIGHTAGE FOR EACH QUESTION | TOTAL MARKS | TIME ALLOCATED FOR EACH QUESTION (APPROX.) | TOTAL TIME REQUIRED |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ESSAY (Included skill-based question) | 03 (8 -10 sentences) | Internal | 3 x 8 = 24 | 24 | 20 mins | 60 mins |
| 2 | SHORT | 04 (3-4 sentences) | No Choice | 4 x 4 = 16 | 16 | 10 mins | 40 mins |
| 3 | VERY SHORT | 15 (1-2 sentences) | No Choice | 5 x 1 = 5<br>5 x 1 = 5<br>5 x 2 = 10 | 20 | 15 mins<br>15 mins<br>20 mins | 50 mins |
| 4 | OBJECTIVE | 20 | No Choice | 20 x 1 = 20 | 20 | 1½ mins | 30 mins |
| | | | | Total Marks | 80 | Total Time | 180 mins |

**MODEL QUESTION PAPER - March, 2023**

Class - X

HINDI (Second Language)– 09H

Part A & B

(Time: 3 hours) (Maximum Marks - 80)

Instructions: -

1. Read the following question paper and understand every question thoroughly.
2. Answer all the questions as directed.
3. Part 'A' questions have to be written in the separate Answer booklet.
4. Write the answers to the questions under Part 'B' on the question paper itself and attach it to the answer booklet of part 'A'

PART – A

Time: 2 hour, 30 minutes (Marks: 60)

SECTION-I

**I. प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए।**

**अ.निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक या दो पंक्तियों में लिखिए।**

**(5x 1= 5)**

डॉ. बी.आर. अंबेड्कर उच्च शिक्षा पूरी कर भारत लौट आए। यहाँ वडोदरा महाराज के सैनिक सचिव पद पर नियुक्त हुए। बाद में मुंबई जाकर सीडेनहोम कॉलेज में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर नियुक्त हुए। किंतु कुछ लोगों की संकीर्ण विचारधारा से दुखी होकर नौकरी से त्यागपत्र दे दिया। इतना होने पर भी आपका आत्मबल कभी कम नहीं हुआ। आपका दृढ़ विश्वास था, ' मन के हारे हार है, मन के जीते जीत।' सन् 1919 में लंदन जाकर अपने अथक परिश्रम सेएम.एस.सी., डी.एस.सी.और बैरिस्ट्री की उपाधि प्राप्त की। सन् 1923 में मुंबई के उच्च न्यायालय में आपने वकालत शुरू कर दी। अनेक कठिनाइयों के बावजूद आप आगे बढ़ते गए। एक मुक़दमे में आपने अपने ठोस तर्कों से एक निर्दोष अभियुक्त को फाँसी की सज़ा से मुक्त करा दिया। इसके बाद वकालत की दुनिया में भी आपके चार चाँद लग गए।

प्रश्न:

1. डॉ. बी.आर. अंबेड्कर वडोदरा महाराज के यहाँ किस पद पर नियुक्त हुए?
2. कुछ लोगों की संकीर्ण विचारधारा से दुखी होकर डॉ. बी.आर.अंबेडकर ने क्या किया?
3. डॉ. बी.आर.अंबेड्कर किस बात पर विश्वास करते ?
4. सन् 1923 में क्या हुआ?
5. यह गद्यांश किस पाठ से लिया गया है?

**आ. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक या दो पंक्तियों में लिखिए।**

**(5x2=10)**

मनुष्य का जीवन संघर्ष से भरा है। यदि जीवन में संघर्ष और असफलता न हो, तो सफलता के आनंद की सच्ची अनुभूति भी नहीं हो सकती है। पराजय होने पर भाग्य को दोषी ठहराना, पतन की ओर ले जाता है। यदि सच्ची लगनऔर असफलता के कारणों को ढूँढ कर नए उत्साह तथा ईमानदारी के साथ प्रयास जारी रखें, तो सफलता मिलना निश्चित है। कहा जाता है कि-दृढ़ इच्छाशक्तिवाला मनुष्य कभी असफल नहीं होता। निरंतर संघर्ष करनेवाला व्यक्ति ही पूरी तरह निखरता है और अंत में विजय प्राप्त करने में सफल होता है। दूसरी ओर मन से हार जानेवाला व्यक्ति आरंभ से ही गलत तर्क गढ़ने लग जाता है और आलसी बनकर अपने भाग्य और जीवन को कोसता रहता है।

प्रश्न:

6. किसका जीवन संघर्ष से भरा है?
7. कौन असफल नहीं होता है?
8. असफलता के कारणों को ढूँढ कर क्या करना चाहिए?
9. पराजित व्यक्ति किसे दोषी ठहराता है?
10. उपर्युक्त अनुच्छेद का मुख्य विषय क्या है?

**इ).निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर एक या दो पंक्तियों में लिखिए।**

**(5x1=5)**

माँ मुझे आने दे, डर मत आने दे।
फैलूँगी तेरे आँगन में हरियाली बनकर
लिपटूँगी तेरे आँचल में खुशबू बनकर
मेरी किलक और ठुमकते कदमों में
घर का सन्नाटा बिखर जाएगा

प्रश्न:

11. अनदेखी बिटिया की इच्छा क्या है?
12. बिटिया कहाँ हरियाली फैलाएगी?
13. वह आँचल में क्या बनकर लिपटेगी?
14. घर का सन्नाटा कैसे दूर होगा?
15. इस पद्यांश की कवयित्री कौन है?

**SECTION-II (अंक: 40)**

**अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 3-4 पंक्तियों में लिखिए। (4x4=16)**

16. कवि बिहारीलाल का परिचय अपने शब्दों में लिखिए।
17. वर्षा की कमी या अधिकता हम पर कैसा प्रभाव डालती है?
18. हिंदी सीखने के क्या लाभ हैं?
19. लेखक ने गोदावरी को माता क्यों कहा है?

**आ). निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 8-10 पंक्तियों में लिखिए। (3x8=24)**

20. कवि के द्वारा किए गए मज़दूरों के अधिकारों का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए ।

**या**

रैदास की भक्ति-भावना पर प्रकाश डालिए।

21. स्वराज्य की नींव एकांकी की विशेषता अपने शब्दों में लिखिए।

**या**

'ईदगाह' कहानी में दादी और पोते का एक-दूसरे के प्रति स्नेह, आदर और चिंता का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

22. गर्मी के कारण आने वाली बीमारियों और उनसे बचने के उपाय बताते हुए एक करपत्र तैयार कीजिए।

**या**

अपनी पसंद के त्यौहार के संबंध में मित्र से वार्तालाप को संवाद रूप में लिखिए।

----------------------------------------XXX----------------------------------------

Class-X (09H)

Part B

Time: 30 minutes Marks: 20

Instructions: -

1. Answer all the questions of part-B on the question paper itself and attach it to the answer book let 'Part A'.
2. Candidates must use CAPITAL LETTERS (A, B, C, OR D) while answering the Multiple-Choice Questions.

---

I. निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तरों के अक्षर दिए गए कोष्ठक में लिखिए। (20x1=20)

1. और भोगता उसे दूसरा भाग्यवाद के **छल** से। ( )

(रेखांकित शब्द का अर्थ पहचानिए।)

(A) धोखा (B) सत्य (C) असत्य (D) प्रथम

2. आज आप **इधर** कैसे आये? ( )

(रेखांकित शब्द का विलोम पहचानिए।)

(A) जिधर (B) अधर (C) उधर (D) किधर

3.आशा है कि तुम **सकुशल** हो। ( )

(रेखांकित शब्द में उपसर्ग पहचानिए।)

(A) कु (B) सकु (C) स (D) शल

4. शुद्ध वर्तनी वाला शब्द पहचानिए। ( )

(A) परयावरन (B) पर्यावरण (C) पर्यावर्ण (D) परयावरण

5. तीन पैसे में क्या-क्या लोगे? ( )

(पुनरुक्त शब्द पहचानिए)

(A) तीन (B) पैसे (C) क्या-क्या (D) लोगे

6. बेमेल शब्द पहचानिए। ( )

(A) पानी (B) बादल (C) जल (D) वारि

7. हमेशा परिश्रमी बनने का **<u>प्रयास</u>** करना चाहिए। ( )
(रेखांकित शब्द के सही पर्याय पहचानिए)
(A) प्रयत्न, कोशिश (B) हिम्मत, अभ्यास (C) निर्माण, संभव (D) विकास, प्रगति

8. हामिद की माँ बीमारी के कारण परलोक सिधार गई। ( )
(वाक्य में प्रयुक्त मुहावरा **'परलोक सिधारना'** का भाव यह होगा-)
(A) मृत्यु होना (B) कहीं खोना (C) समय देना (D) आक्रमण करना

9. 'मन को भानेवाला'। ( )
(इसके लिए एक शब्द पहचानिए।)
(A) मनचाहा (B) मनहर (C) मनोहर (D) मनभावन

10. प्रभुजी, तुम घन-<u>बन</u> हम मोरा। ( )
(रेखांकित शब्द का तत्सम पहचानिए।)
(A) वन (B) कण (C) जन (D) धन

11. 'मैं हिंदी पढ़ना चाहता हूँ।' (अर्थ के आधार पर वाक्य का प्रकार पहचानिए।) ( )
(A) प्रश्नार्थक (B) निषेधार्थक (C) इच्छार्थक (D) संकेतार्थक

12. लक्ष्मीबाई झांसी की रानी थी। (काल पहचानिए।) ( )
(A) भविष्य काल (B) संभावित भविष्यकाल (C) वर्तमानकाल (D) भूतकाल

13. <u>अध्यापकों</u> का सम्मान किया गया। (रेखांकित शब्द का वचन बदलिए।) ( )
(A) अध्यापक (B) अध्यापिकाओं (C) अध्यापिकाएँ (D) अध्यापक जन

14. मार्ग में <u>'हिमालय'</u>अड़ जाता है। (रेखांकित शब्द का विग्रह कीजिए।) ( )
(A) हिम जैसा आलय (B) हिम का आलय
(C) हिम और आलय (D) आलय और हिम

15. हमें <u>'सदैव'</u> अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। ( )
(रेखांकित शब्द का सही संधि विच्छेद रूप पहचानिए।)
(A) सदा+एव (B) सद +एव (C) सादा + एव (D) सदै+व

16. शुद्ध वाक्य पहचानिए। ( )

(A) धन-दौलत से भौतिक संपदा खरीद सकते हैं।

(B) धन-दौलत का भौतिक संपदा खरीद सकते हैं।

(C) धन-दौलत से भौतिक संपदा खरीद सकता हैं।

(D) धन-दौलत की भौतिक संपदा खरीद सकते हैं।

17. ईद के दिन लड़के सब से ज़्यादा <u>प्रसन्न</u> थे। ( )

(रेखांकित शब्द का शब्द भेद पहचानिए।)

(A) क्रिया (B) विशेषण (C) संज्ञा (D) सर्वनाम

18. लिपटूँगी तेरे आँचल .........खुशबू बनकर। ( )

(उचित कारक चिह्न से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(A) का (B) को (C) ने (D) में

19. स्त्रियाँ ढोलक की मदद से गाती हैं। ( )

(इस वाक्य का सही प्रश्न पहचानिए)

(A) स्त्रियाँ किसकी मदद से गाती हैं? (B) स्त्रियाँ कब गाती हैं?

(C) स्त्रियाँ क्यों गाती हैं? (D) स्त्रियाँ कहाँ गाती हैं?

20. अध्यापक ने पाठ पढाया। (यह वाक्य किस काल में है?) ( )

(A) वर्तमानकाल (B)भविष्यतकाल (C) भूतकाल (D) अपूर्ण भूतकाल

----------X---------